फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री युवा इकाई का समारोह आयोजित

चर्चा में क्यों?

13 जुलाई, 2022 को राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र के आतिथ्य में मेरिएट होटल में वाणिज्य एवं उद्योग संगठन 'फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री' (फोर्टी) युवा इकाई का समारोह आयोजित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- इस कार्यक्रम में राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और खुशहाल राजस्थान के निर्माण के लिये लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन के साथ नवाचार अपनाते हुए युवा स्टार्टअप्स के लिये वातावरण बनाए जाने का आह्वान किया।
- राज्यपाल ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' के अंतरगत स्थानीय उत्पादों में गुणवत्ता वृद्धि, अच्छी पैकेजिंग और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से प्रभावी विपणन पर बल दिया जाए, तो भारत निश्चित ही विश्व का सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बन कर उभरेगा।
- उन्होंने महिलाओं के स्वामित्व वाले व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिये भी कार्य किये जाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि स्थानीय महिलाओं द्वारा बनाए उत्पादों को डिजिटिल तकनीक के ज़रिये कैसे विश्व बाज़ार तक पहुँचाया जाए और कैसे महिला उद्यमिता को हर स्तर पर बढ़ावा मिले, इसके लिये कार्य किया जाए।
- राज्यपाल ने कोविड के दौर से अर्थव्यवस्था को निकालने के लिये आर्थिक राष्ट्रवाद पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अर्थतंत्र, श्रमशक्ति और पूँजी-निर्माण पर घरेलू नियंत्रण इस समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।
- उन्होंने कहा कि लघु, अति लघु तथा मध्यम उद्योगों के विकास से ही 'आत्मनिर्भर भारत' का मार्ग प्रशस्त होगा। स्थानीय उत्पादों को आधुनिक बनाते हुए वैश्विक बाज़ार तक पहुँचाने के लिये प्रभावी प्रयास करने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि फोर्टी सहित वाणिज्यिक संगठनों को परंपरागत रूप से हस्तशिल्प से जुड़े गाँवों को सूचीबद्ध कर यहाँ के स्थानीय उत्पादों को बाज़ार उपलब्ध करवाने की पहल करनी चाहिये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/federation-of-rajasthan-trade-and-industry